बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में **सहायक प्राध्यापक** एवं राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में **व्याख्याता** के पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 56/2020 (अंग्रेजी), 60/2020 (सिरामिक्स इंजीनियरिंग), 61/2020 (हिन्दी) एवं 62/2020 (प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी) प्रकाशित किये गये हैं। उक्त विज्ञापन की कंडिका 9 (i) एवं (ii) के आलोक में आयोग द्वारा निर्धारित तिथि में ऑनलाईन समर्पित आवेदनों की हार्ड कॉपी उम्मीदवारों द्वारा आयोग कार्यालय में भेजा जाना था। तदालोक में उपरोक्त पद से सम्बन्धित विज्ञापन के अंतर्गत कतिपय आवेदकों के आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है। उक्त विज्ञापनों के ऐसे आवेदको को सूचित किया जाता है कि अगर उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने आवेदन की हार्ड कॉपी प्रेषित किया हो तो इस सम्बन्ध में आपत्ति/साक्ष्य (पूर्व में भेजे गये आवेदन सम्बन्धी निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट स्लिप की छायाप्रति एवं आवेदन की हार्ड कॉपी सभी अनुलग्नकों सहित) संलग्न करते हुए निर्धारित प्रारूप में भरकर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना को दिनांक 17.02.2022 तक निश्चित रूपेण भेजना सुनिश्चित करेंगे। आवेदक आश्वस्त हो लें कि निर्धारित प्रारूप के साथ संलग्न साक्ष्य (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट स्लिप) स्पष्ट एवं पठनीय हो। साक्ष्य के आधार पर जाँचोपरान्त सही पाए जाने की स्थिति में उनके द्वारा पूर्व में प्रेषित हार्ड कॉपी (प्राप्त होने की स्थिति में) के आधार पर विज्ञापन में निहित शर्त्तों के आलोक में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

उक्त विज्ञापनों के ऐसे आवेदकों, जिनकी हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है, की सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर आप सभी के अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

निर्धारित तिथि तक विहित प्रारूप में वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

3.2.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना